झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 115 • दुमका • बुधवार, 5 मई 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा

गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

संक्षिप्त समाचार

हैदराबाद के इस चिड़ियाघर में 8 शेर कोरोना पॉजिटिव

हैदराबाद। देश में शायद पहली बार, हैदराबाद के नेहरू जूलोजिकल पार्क में 8 एशियाई शेर कोरोना संक्रमित पाये गए हैं। सूत्रों ने बताया कि 29 अप्रैल को सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलेक्युलर बॉयोलाजी ने नेहरू जूलोजिकल पार्क के अधिकारियों को मौखिक बताया कि आरटी -पीसीआर टेस्ट में 8 शेर पॉजिटिव मिले हैं।

जूलोजिकल पार्क का रखरखाब करने वाले और डायरेक्टर डॉक्टर सिद्धानंद कुकरेती ने न इसकी पुष्टि की और न ही इस बात से इनकार किया कि ये शेर पॉजिटिव पाये गए हैं। डॉक्टर कुकरेती ने कहा, यह बात सच है कि शेरों में कोरोना के लक्षण दिखे हैं लेकिन हमें अभी इन शेरों की उउटइ से आरटी-पीसीआर (फ्ळ-ढउफ) रिपोर्ट मिलनी बाकी है। रिपोर्ट मिलने के बात ही हम इस बारे में जानकारी दे पाएंगे।

हैदराबाद शहर में वाइल्डलाइफ रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर शिरीष उपाध्ये बताते हैं कि पिछले साल न्यूयार्क के एक जू में 8 टाइगर और शेर कोरोना पॉजिटिव पाये गए थे। इसके अलावा इससे पहले जानवरों को कोरोना संकमण को लेकर कोई खबर सामने नहीं आई थी। हालांकि, हांगकांग में कुत्तों और बिल्लियों में कोरोना वायरस पाया गया था।

सुविचार

दुर्जन राजा के राज्य में प्रजा सुखी कैसे रह सकती है, एक दुष्ट प्रवृत्ति के मित्र से शांति कैसे प्राप्त हो सकती है, एक बेकार पत्नी के साथ घर में कौनसा सुख प्राप्त हो सकता है और इसी प्रकार एक नालायक शिष्य को शिक्षा देकर कैसे यस प्राप्त हो सकता है।

● चाणक्य

गुड मॉर्निंग

प्रेमी - क्या तुम जानती हो कि संगीत में इतनी शक्ति होती है
कि पानी गरम हो सकता है!
प्रेमिका - हां जरूर, क्यों नहीं।
जब तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है,
तो पानी क्यों नहीं...!!!

बिजनेस

सेंसेक्स

48,253.51–465.01 (0.95%)

निफ्टी

14,496.50–137.65 (0.94%)

दैनिक पंचांग

तिथिः कृष्ण ग्रीष्म
मास अमांतः चैत्र
मास पूर्णिमांतः वैशाख
वारः बुधवारे सम्वतः 2078
नक्षत्रः धनिष्ठा - 09:11:11 तक
योगः ब्रह्म - 19:35:53 तक
करणः गर - 13:24:03 तक

मौसम

अधिकतम – 45 °
न्यूनतम – 30°

सूर्योदयः 05:37:35
सूर्यास्तः 18:58:29

बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा : पीएम नरेन्द्र मोदी ने की राज्यपाल से बातचीत

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग

कोलकाता/एजेंसी।

पश्चिम बंगाल में 2 मई को चुनाव परिणाम आने के बाद हिंसा का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ळटउ को मिली भारी जीत के बाद अब भाजपा और सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें हो रही हैं। अब तक 6 जिलों से हिंसा की खबरें आई हैं और दो दिन में करीब 11 लोगों के मारे जाने की खबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यपाल जगदीप धनखड़ को फोन किया और बंगाल में आगजनी और हत्याओं पर चिंता जाहिर की है।

दूसरी तरफ, इस बीच, सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एक याचिका दायर की गई। इसमें मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार को बंगाल में राजनीतिक हिंसा रोकने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबल तैनात करने का आदेश दे, ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था बहाल की जा सके। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी हिंसा वाली जगहों पर स्पॉट इंक्वायरी का आदेश दिया है।

इस बीच इखढ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को कोलकाता पहुंचे। वे दो दिन पश्चिम बंगाल में रहकर हिंसा वाले इलाकों का जायजा लेंगे। कोलकाता पहुंचने के बाद नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनाव के

नतीजों के बाद जो घटनाएं देखने और सुनने को मिली हैं वो हैरान करती हैं, चिंता में डालती हैं। ऐसी घटनाएं भारत के विभाजन के समय मैंने सुनी थीं, लेकिन आजाद भारत में चुनाव के नतीजों के बाद इतनी असहिष्णुता हमने आज तक नहीं देखी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं पर जो हमले हो रहे हैं, उसे खुद जाकर देखने और इस मुश्किल वक्त में उनके साथ खड़े होकर लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई लड़ने के लिए इखढ कृतसंकल्प है। कार्यकर्ताओं की शहादत बेकार नहीं जाएगी। हम उनकी विचारधारा की लड़ाई निर्णायक मोड़ तक पहुंचाएंगे। एयरपोर्ट से नड्डा गोपालनगर में हिंसा का शिकार हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के घर गए। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष और पार्टी नेता लॉकेट चटर्जी भी मौजूद रहीं।

तृणमूल पर लगाया भयंकर हिंसा करने का आरोप

बर्दवान से भागकर 40 परिवार पहुंचा नदिया

नदिया/एजेंसी। विधानसभा मतदान परिणाम आने के बाद से राज्य में राजनीतिक हिंसा का दौर जारी है। सत्ताधारी पार्टी के आक्रमण के डर से बर्दवान जिला के कालना थाना अंतर्गत उदयगंज से 40-50 परिवार अपना घर छोड़कर नदिया जिले के शांतिपुर थाना के गयेसपुर में आश्रय लेने पहुंचा है। उनका दावा है कि सभी परिवार भाजपा के समर्थक हैं। रिजल्ट घोषणा होने के बाद से ही सत्ताधारी पार्टी के लोग गांव में घुसकर बवाल मचा रहे हैं। भाजपाईयों के घर-घर जाकर वे भयंकर खेला होने की धमकी दे रहे हैं।

आज शपथ ग्रहण करेंगी ममता बनर्जी

कोलकाता/एजेंसी।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के तौर पर बुधवार सुबह 10:45 बजे राजभवन में शपथ ग्रहण करेंगी। कोविड-19 महामारी के चलते इस बार का शपथ ग्रहण समारोह बेहद सादगी भरा होगा। उधर, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य, निवर्तमान सदन के नेता प्रतिपक्ष अब्दुल मन्नान और माकपा के वरिष्ठ नेता बिमान बोस को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का न्यौता भेजा गया है।

एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि देश में कोविड-19 महामारी की वर्तमान हालात के मद्देनजर अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी को देखते हुए ममता बनर्जी के शपथ ग्रहण समारोह को बेहद साधारण रखने का फैसला लिया गया है।

कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के चलते बिहार में 15 मई तक लॉकडाउन

पटना/एजेंसी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के कारण राज्य में 15 मई तक लॉकडाउन लागू करने की मंगलवार को घोषणा की। नीतीश ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, 'कल सहयोगी मंत्रीगण एवं पदाधिकारियों के साथ चर्चा के बाद बिहार में फिलहाल 15 मई तक लॉकडाउन लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके विस्तृत मार्गनिर्देशिका एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में आज ही आपदा प्रबंधन समूह को कार्रवाई के लिए निदेश दिया गया है।' बिहार में सोमवार को कोविड-19 के 11407 नए मामले आने के साथ ही 82 और लोगों की मौत हो गई थी। बिहार गृह विभाग (विशेष शाखा) द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि चार मई को आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में राज्य में कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गयी । समीक्षा के क्रम में पाया गया कि राज्य में संक्रमण दर पिछले एक सप्ताह से निरंतर 10 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। आदेश में कहा गया है, 'अतः वर्तमान स्थिति के परिपेक्ष्य में स्थितियों पर व्यापक नियंत्रण के लिए पांच मई से 15 मई तक सभी स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान, ट्रेनिंग एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे।

पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस में जिला पंचायत सदस्य की 40 सीटों में भाजपा महज 8 पर जीती

काशी/एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के पंचायत चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस (वाराणसी) में उनकी पार्टी भाजपा बुरी तरह पिछड़ती दिख रही है। यहां जिला पंचायत सदस्य की 40 सीटों में से 39 पर चुनाव हुए। एक सीट पर प्रत्याशी की मौत के चलते चुनाव स्थगित हो गए थे। अब तक 26 सीटों के परिणाम

आ चुके हैं। भाजपा महज 8 सीट जीत सकी है। वहीं, 12 सीटों पर समाजवादी पार्टी ने कब्जा जमाया है। हालांकि जिलाध्यक्ष ने 15 सीट जीतने का दावा किया है। कमोबेश ऐसा ही हाल अयोध्या का है।

वहीं, मथुरा में मायावती की पार्टी बसपा ने भाजपा को पछाड़ दिया है। अगले साल यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में हुए इस पंचायत चुनाव को सियासी दलों के लिए लिटमस टेस्ट के तौर पर देखा जा रहा है। इसमें 4 पद- जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधान और ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य के लिए चुनाव हुए हैं।

ऑक्सिजन संकट पर केंद्र से बोला हाई कोर्ट-

आप शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर छिपा सकते हैं हम नहीं

नई दिल्ली/एजेंसी।

राजधानी में ऑक्सिजन संकट पर केंद्र सरकार के रवैये को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र से कारण बताने को कहा कि कोविड-19 मरीजों के उपचार के लिए दिल्ली को ऑक्सिजन की आपूर्ति पर आदेश की तामील नहीं कर पाने के लिए उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए। अदालत ने कहा, 'आप शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर छिपा सकते हैं, हम ऐसा नहीं करेंगे। क्या आपको इन चीजों के बारे में पता नहीं है।'

न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने केंद्र की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि मौजूदा चिकित्सकीय ढांचे के मद्देनजर दिल्ली 700 मीट्रिक टन चिकित्सकीय ऑक्सिजन की हकदार नहीं है। पीठ ने कहा, 'हम हर दिन इस खौफनाक हकीकत को देख रहे हैं कि लोगों को अस्पतालों में ऑक्सिजन या आईसीयू बेड नहीं मिल रहे, कम गैस आपूर्ति के कारण बेड की संख्या घटा दी गई है।'

अदालत ने केंद्र सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस पर जवाब देने के लिए बुधवार को अदालत के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का 30 अप्रैल का विस्तृत आदेश दिखाता है कि उसने केंद्र को 700 मीट्रिक टन ऑक्सिजन मुहैया कराने का निर्देश दिया था ना कि महज 490 मीट्रिक टन।

पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही आदेश दे चुका है, अब हाई कोर्ट भी कह रहा है कि जैसे भी हो केंद्र को हर दिन दिल्ली को 700 मीट्रिक टन ऑक्सिजन की आपूर्ति करनी होगी।

आंध्र प्रदेश में मिला कोरोना का नया स्ट्रेन, मौजूदा वायरस से 15 गुना ज्यादा खतरनाक

हैदराबाद/एजेंसी। कोरोना की दूसरी लहर के बीच आंध्र प्रदेश से परेशानी बढ़ाने वाली खबर है। यहां वायरस का नया स्ट्रेन मिला है। इसे AP Strain और ठ440ङ नाम दिया गया है। सेंटर फॉर सेल्यूलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के वैज्ञानिकों का दावा है कि भारत में मौजूदा स्ट्रेन के मुकाबले नया वैरिएंट 15 गुना ज्यादा खतरनाक है। हैदराबाद स्थित CCMB काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च के तहत काम करता है। दक्षिण भारत में अब तक कोरोना के 5 वैरिएंट मिल चुके हैं। इनमें AP Strain आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में काफी तेजी से फैल रहा है। इसका असर महाराष्ट्र में भी देखा जा रहा है।

Unique Id: JH/2021/0276302

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207

Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014

+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632

Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी ज़िलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

पहले कोरोना बाहर-बाहर ही होता था, लेकिन आज घर-घर घटखटाने लगा

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका ।
सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के प्रतिकुलपति प्रोफेसर (डॉ) हनुमान प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गठित विश्वविद्यालय स्तरीय 'तनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ' की एक वर्चुअल बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रतिकुलपति डॉ शर्मा ने कहा कि कोविड-19 बीमारी नही महामारी है। पहले कोरोना बाहर-बाहर ही होता था लेकिन आज घर-घर घटखटाने लगा है। फिर भी इसे चुनौती समझ सामना करना है। इससे हमे डरना नही बल्कि जीवन शैली में आवश्यक बदलाव लाकर लड़ना है। हौसला रख मुकाबला करना है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर गठित इस प्रकोष्ठ की सराहना करते हुए उन्होंने आवश्यक कार्यक्रमो की रणनीति बनाकर ईमानदारी के साथ चलने की बात कही। जिससे अधिकांश लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पहले इस बारे में विशेषज्ञों के साथ एक वेबिनार आयोजित किया जाय जो विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे उसके बाद जिला स्तर पर इसे लागू करने से पहले एक 'वर्चुअल हेल्प डेस्क' का निर्माण किया जाय जिसमें आवश्यकतानुसार फिजिशियन, मनोचिकित्सक, अन्य रोग विशेषज्ञ, समाजसेवी, वालंटियर्स आदि लोग जरूरतमंदों को आवश्यक मदद कर सके।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस प्रकोष्ठ के सचिव सह स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने इस प्रकोष्ठ के उद्देश्यों की चर्चा सदस्यों के बीच करते हुए कहा कि इस पेंडेमिक मे संवेगात्मक रूप से विद्यार्थियों को जोड़े रखना अत्यावश्यक है। तनाव व भयमुक्त वातावरण के बीच अकादमिक जीवन को सुरक्षित किस तरह रखना इस बारे में चर्चा किया। साथ ही सदस्यों से कहा कि आत्मविश्वास के साथ खुद को सुरक्षित रखते हुए सहयोग, सूचना व लिंकेजेज का माहौल बनाये जिससे कोरोना से विजयी हो सके। मौके पर डॉ मनीष कुमार भारती ने कोरोना क्या है तथा इसके फैलते स्तरों पर किस प्रकार से चिकित्सीय व्यवहार करें इस बारे में जानकारी दी। तो इस वेबिनार में कई नोडल व प्रोग्राम ऑफीसर ने भी विचार रखे। डॉ किरण पाठक, देवघर ने तनाव के कारणों की चर्चा की तो डॉ रूपम कुमारी, दुमका ने अभिभावकों को भी इसमें जोड़ने की बात कही। डॉ रंजीत सिंह, साहेबगंज ने कार्यक्रम को वृहद रुप देकर विद्यार्थियों को लाभ देने की बात रखी तो डॉ सुमन लता, गोड्डा, ने भी तनाव को कम करने के परामर्श आवश्यक बतलाया। वही श्री राम प्रकाश दास, जामताड़ा ने इस प्रकोष्ठ की सराहना करते हुए कहा कि जितना जल्द हो इस दिशा में कदम बढ़ाया जाय जिससे इसके दुष्प्रभाव को कम किया जा सके।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्यवयक प्रो मेरी मार्गरेट टुडू ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी यह कोशिश हो कि हम कोरोना से जंग जीते। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम की विधिवत रूप रेखा तैयार कर इस उद्देश्य को पूर्ण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दुमका, जामताड़ा, देवघर, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़ के सभी नोडल ऑफिसर व प्रोग्राम ऑफिसर सहित विशिष्ट अतिथि भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

समाजिक कार्यकर्ता ने किया मास्क वितरण

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका ।
कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता राजू पुजहर और शिवेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में जामा प्रखंड के भैरवपुर, खटंगी, टेंगधोवा पंचायत, सहित दर्जनों सुदूरवर्ती गाँवो में मास्क वितरण किया गया। साथ ही स्थानीय लोगों को कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप से बचाव करने के लिए सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया। सरदाबाद पंचायत के राजू पुजहर ने बताया कि जामा में इन दोनों कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जो कि आमजनों के लिए खतरनाक बनती जा रही है। ऐसी परिस्थिति में कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए नियमित रूप से मास्क पहनने एवं सामाजिक दूरी बनाए रखने का दायित्व हर नागरिक का बनता है। इसलिये मास्क वितरण के अलावा सभी नागरिकों को समय समय पर हाथों को सेनिटाइज करने का सलाह दी गई। समाजिक कार्यकर्ता शिवेंद्र जायसवाल ने बताया कि अत्यंत जरूरी होने पर ही घर से निकलें साथ ही भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जानें से बचें मास्क सामजिक दूरी का ख्याल रखें एवं सेनिटाइजर का उपयोग करें।

45 वर्षीय जीवलाल राउत ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी अचानक हुए हादसे से गांव में मातम, परिवार में शोक

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका ।
जामा थाना क्षेत्र के कुरुमटांड़ गांव में सोमवार की रात्रि 45 वर्षीय जीवलाल राउत ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। चौकीदार बड़का मुर्मू की सूचना पर मंगलवार सुबह जामा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जीवलाल शराब पीने का आदि था और पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव में चल रहा थो सोमवार शाम किसी बात पर नाराज होकर अपने घर से साइकिल पर सवार होकर निकला था लेकिन देर शाम घर नही आने पर घरवालों को चिंता हुई और खोज बिन किया, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन शुबह ग्रामीणों ने गांव के दूसरे छोर पर संथाली टोला के आसपास एक पेड़ पर शव लटकता हुआ पाया। घर वालों ने शव को देख कर जीवित रहने की आशा पर ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के समक्ष जीवलाल को नीचे उतारा, लेकिन मृत पाया। शव देख कर जीवलाल के घरवाले दहाड़ मार कर विलाप करने लगे। ओर अचानक हुए मौत से घर में परिजनों पर शोक की लहर दौड़ गई। गांव के चौकीदार की सूचना पर जामा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुमका मेडिकल कालेज भेज दिया है।

मृतक जीवलाल के पुत्र मिथिलेश कुमार राउत ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि उनके उनके पिता जी शराब पीने के आदि थे और शराब पीकर नशे की हालत में गांव के एक छोर पर सुनसान जगह पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। लड़के ने दिए बयान में किसी भी तरह की शंका या आपत्ति नहीं जताई है। उनके पुत्र के बयान पर जामा थाना पुलिस ने यूडी केश दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी एवं एक 28 वर्षिय पुत्री एवं 26 वर्षिय पुत्र छोड़ गए हैं। पुत्री की शादी हो चुकी है

और दो बच्चे भी है ग्रामीणों ने बताया कि उनके लड़के मिथिलेश कुमार की शादी की बातचीत चल रही थी लेकिन पुत्र की शादी से पहले ही जीवलाल ने मौत को गले लगा लिया। जामा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला खुदकुशी का है नशे की हालत में मृतक ने यह कदम उठाया है उनके पुत्र मिथिलेश कुमार के बयान पर जामा थाना में यूडी केश दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है और हिदायत दी है कि कोविड नियमों का पालन करने हुए बिना भीड़ जमा किये चौकीदार की देख रेख में दाह संस्कार किया जाय।

पूर्व सांसद व एकीकृत बिहार में मंत्री रहे जोरावर राम के निधन से राजद परिवार में शोक की लहर

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका।
राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव ने पलामू के पूर्व सांसद सह राजद नेता एवं बिहार सरकार में मंत्री रहे जोरावर राम का सोमवार को मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में निधन हो जाने पर दुमका जिला राजद की ओर से शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया था। कोविड-19 मरीज होने के कारण सोमवार की शाम में कोविड केयर यूनिट में शिफ्ट करने के बाद ही उनका निधन हो गया। पूर्व सांसद के बेटे सह राजद के दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश रौशन ने कहा कि कोविड केयर यूनिट में शिफ्ट करने के दौरान उनका मास्क हटा दिया गया था और जहां शिफ्ट किया गया वहां रेगुलेटर नहीं था। इसी बीच ऑक्सीजन की शरीर में कमी हो जाने के कारण उनका निधन हो गया। इस दुखद घटना से पूरा राजद परिवार में शोक की लहर है। शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया है। अमरेंद्र यादव ने बताया कि 1977 में वह बिहार सरकार में कारा एवं उत्पाद मंत्री थे और 1989 में पलामू लोकसभा से सांसद चुने गए थे। वे एक प्रखर समाजवादी नेता थे। उनके निधन से राष्ट्रीय जनता दल को अपूरणीय क्षति हुई है।

विशेष कोरोना जांच शिविर का आयोजन, 75 महिला पुरुषों की हुई जांच

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका ।
सरैयाहाट प्रखंड के हँसडीहा स्थित सेवा मंडल मध्य विद्यालय में मंगलवार को कोरोना जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जाँच अभियान के दौरान 75 लोगों ने जांच कराया जिसमे 50 लोगों का आर टी पी सी आर से जाँच की गई और वहीं 25 लोगों का एंटी ज़न कीट से। जिसमें 25 लोगों का नेगेटिव रिपोर्ट आया। वहीं 50 लोगों का सैंपल जाँच के लिए दुमका भेजा गया। शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश के देख रेख में आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी सुशील कुमार दास, एएनम प्रेमा कुमारी रूबी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

जिला प्रशासन द्वारा सख्ती से कराया जा रहा है लांकडाउन का अनुपालन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका ।
बढ़ते कोविड संक्रमण के चेन को तोड़ने और इससे बप्रशासन लेकर राज्य सरकार द्वारा 6 मई तक स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के तहत लॉकडाउन की अवधि को बढ़ाया गया है। जिले में प्रशासन द्वारा लांकडाउन का सख्ती से अनुपालन कराया जा रहा है। आज भी 2 बजे के बाद जिले में सन्नाटा रहा। बाजार और सड़कें सुनसान रहीं। सड़क पर एक-दो वाहन ही दिखाई दिए, जबकि बाजार में छूट दिए वस्तुओं की दुकान को छोड़कर सभी दुकाने बंद रहे। स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह को सख्ती से अनुपालन कराने के लिए दुमका अंचल अधिकारी यमुना रविदास एवं पुलिस की टीम दंडाधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में संबंधित प्रखंड

विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को मास्क लगाने के साथ शारीरिक दूरी का अनुपालन करने व व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान जिलावासियों से घर में सुरक्षित रहने की अपील भी की गई।

विभिन्न चौक- चौराहों एवं बाजारों में चलाया गया सघन मास्क चेकिंग जुर्माना

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका।
सरैयाहाट प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानन्द जायसवाल के नेतृत्व में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों द्वारा प्रखंड के विभिन्न चौक-चोराहों एवं बाजार में सघन मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया एवं वैसे वाहन चालकों को दण्डित किया गया। जिन्होने मास्क नहीं लगाया था। साथ ही ऐसे 10 लोगों पर फाइन लगाकर कुल 1200/ रुपया वसूला गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लोगों को जागरूक करने व मास्क पहनकर हीं घरों से बाहर निकलने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन द्वारा निरंतर मास्क और वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रकार के अभियान संचालन का मुख्य उद्देश्य लोगों को कोरोना वायरस से बचाव हेतु मास्क पहनने की ओर जागरूक करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना मास्क पहने घर से बाहर न निकलें एवं इसकी अहमियत को समझें।

संक्षिप्त समाचार

किराना व्यवसायी के कर्मियों की पिटाई कर छीने 32 हजार

दुमका । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। हंसडीहा थाना क्षेत्र के बोड़िया गांव के समीप मंगलवार की शाम चार युवकों ने बाइक सवार दो युवकों की पिटाई कर 32 हजार रुपये छीन लिये। चोट लगने के कारण दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मुकेश और राहुल कुमार नोनीहाट बाजार में थोक दुकानदार विमल घीड़िया के यहां काम करते हैं।

दुकानदार विमल ने बताया कि दोनों कर्मी कड़बिधा गांव के दुकानदार से बकाया रुपये लेने गए थे। शाम में दोनों 32 हजार रुपये लेकर आ रहे थे। बोड़िया गांव के पास सिदुरिया गांव के चार लड़कों ने उनकी बाइक रोक ली। दोनों की जमकर पिटाई करने के बाद सारा पैसा छीन लिया। जख्मी हालत में दोनों ने उन्हें घटना की जानकारी दी। बाद में स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इधर, हंसडीहा थाना प्रभारी आकृष्ट अमन का कहना है कि मारपीट की जानकारी मिली है, लेकिन पैसा छीनने का पता नहीं पता चला है। छिनतई हुई है या नहीं, इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

शव छोड़कर भागे स्वजनों ने किया वृद्धा का अंतिम संस्कार

दुमका। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वृद्धा की मौत के बाद शव को छोड़कर भागे स्वजन मंगलवार को सामने आए। सुबह मृतका की बहन की बेटी अस्पताल पहुंची और शव प्राप्त किया। बाद में महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया। रसिकपुर निवासी 75 वर्षीया चना देवी को बीमारी की वजह से 30 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती होने के बाद एक मई को परिवार का एक सदस्य देखने के लिए आया। सोमवार की अलसुबह महिला ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन ने सफाई कर्मियों के माध्यम से स्वजनों को मौत की खबर दी, लेकिन रात तक कोई शव लेने नहीं आया। खबर प्रकाशित होने के बाद मृतका की भतीजी तीन युवको के साथ आई और कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव प्राप्त किया। बाद में महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मवेशी ने धान चरा तो भाई को किया अधमरा

दुमका। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बांकीजोर गांव में सोमवार की रात मवेशी के धान खा लेने से नाराज छोटे भाई ने बड़े भाई वकील टुडू को लाठी से पीटकर अधमरा कर दिया। घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। हमले के बाद आरोपित छोटा भाई डुगरू टुडू परिवार समेत फरार हो गया। मामले में पुलिस ने घायल के बयान पर तीन लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।

अस्पताल में घायल के दामाद बैधनाथ हेंब्रम ने बताया के उनके ससुर वकील टुडू और उनका भाई डुगरू एक ही घर में रहते हैं। दोनों के बीच पहले से मनमुटाव है और दोनों एक-दूसरे से बात नहीं करते हैं। देर रात को डुगरू के मवेशी ने वकील का रखा धान खा लिया। उस समय वकील के परिवार के सभी लोग गांव में एक शादी समारोह में गए थे। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। गुस्से में आकर डुगरू, उसकी पत्नी दुलेड़ हांसदा और बेटी बहाली टुडू ने वकील को पकड़ लिया और सिर पर लाठी से हमला कर दिया। बरात से लौटने के बाद स्वजन घायल को लेकर थाना गए। पुलिस ने इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामला दर्ज कर तीनों आरोपितों की तलाश कर रही है।

लॉक तोड़ चुराई घर के बाहर खड़ी बाइक

दुमका। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना के साथ-साथ बाइक चोर भी लोगों की नींद उड़ा रहे हैं। सोमवार की रात चोरों ने मारवाड़ी चौक के समीप घर के बाहर खड़ी सूरज मोदी की बाइक को लॉक तोड़कर चुरा लिया। पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। इसमें दो युवक बाइक चुराते नजर आ रहे हैं। पुलिस मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान का प्रयास कर रही है। सूरज ने बताया कि बाजार में मां काली रेडीमेड नामक उसकी कपड़े की दुकान है। वह करीब 10 साल से अपनी बाइक घर के बाहर ही खड़ी करता रहा है। मंगलवार की सुबह उठने के बाद देखा तो बाइक गायब थी। सीसीटीवी को खंगाला तो उसमें अलसुबह करीब तीन बजे दो युवक बाइक के पास खड़े दिखे। एक ने बाइक में लगा लॉक को तोड़ा और आगे निकल गया। इसके बाद दूसरा युवक गाड़ी लेकर फरार हो गया। सूरज ने थाने को इसकी जानकारी देकर एफआइआर दर्ज कराई।

बासुकीनाथ में नशे में धुत बाइक सवार हादसे में जख्मी

दुमका । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। जरमुंडी थानांतर्गत जरमुंडी-हरिपुर मुख्य सड़क पर अंबा गांव के निकट बाइक दुर्घटना में भालसुमरिया गांव का प्रेम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गति तेज होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक सवार युवक शराब के नशे में धुत था। स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी भेजा। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया, इसके बाद स्वजन उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर ले गए। हादसे में बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

महिला सिपाही को कपड़े बेच रहा दुकानदार धराया

दुमका। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। नगर थाना की पुलिस ने लगातार शिकायत मिलने के बाद लॉकडाउन में कपड़ा दुकानदार को रंगे हाथ पकड़ने के लिए मंगलवार को महिला सिपाही को ही ग्राहक बनाकर भेज दिया। जैसे की दुकानदार ने शटर उठाया तो पुलिस ने उसे धर दबोचा। देर शाम बॉन्ड पर उसे छोड़ भी दिया गया।नगर थाना की पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि सनशाइन गली में मुस्कान रेडिमेड का मालिक अपनी दुकान खोलकर कपड़े बेचता है। वह हर समय दुकान के बाहर कुर्सी डालकर बैठता है और ग्राहक के आने पर शटर उठाकर कपड़े देता है। दुकानदार को रंगे हाथ पकड़ने के लिए थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने एक महिला सिपाही को ग्राहक बनाकर भेजा। जैसे ही दुकानदार ने कपड़ा देने के लिए शटर उठाया, सिपाही के इशारे पर जवानों ने रंगे हाथ उसे पकड़ लिया। दिन भर दुकानदार को नगर थाना में बैठाकर रखा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बांड लिखवाकर दुकानदार को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

गाइडलाइन के उल्लंघन पर आठ धराए, थाना से मिली जमानत

पाकुड़।

स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल ने सोमवार की देर शाम इशाकपुर, इलामी, नवादा चौक व रहसपुर गांव में जांच अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों पर आवागमन करने वाले लोगों से घर से बाहर निकलने का उचित कारण पूछा। बेवजह घूमने वाले व बाइक में दो लोगों के बैठने पर चालान भी काटा गया। अंचलाधिकारी आलोक वरण केशरी ने सरकारी गाइडलाइन का पालन नहीं करने वाले आठ लोगों के खिलाफ मुफस्सिल थाने में मामला दर्ज कराया। जमानतीय धारा के कारण सभी को कोरोना जांच कराने के बाद थाना से ही जमानत दे दी गई।थाना प्रभारी दिलीप कुमार मल्लिक ने बताया कि स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के नियमों का अनुपालन कराने के लिए इशाकपुर, इलामी, नवादा चौक एंव रहसपुर में अभियान चलाया। कई लोगों को बेवजह घर से बाहर घुमते हुए देखा गया। फतेहपुर गांव के नुरजमाल शेख, चांचकी निवासी जहांगीर शेख, वासिकुल शेख, हामिद अंसारी, कासिम नगर निवासी अनवर शेख, इशहाकपुर निवासी फेकारूल अंसारी और सफीकुल शेख बाइक से आ रहे थे, लेकिन किसी ने मास्क नही पहना था। वहीं इशहाकपुर गांव के जमीरुल का दुकान खुला था। पान-गुटखा बेच रहा था। डीसी, एसपी ने उक्त लोगों से पूछताछ की। कड़ी चेतावनी दी गई। डीसी, एसपी के आदेश पर सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। दंडाधिकारी आलोक वरण केशरी ने उक्त सभी लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जमानतीय धारा के कारण सभी को कोरोना जांच कराने के बाद थाना से ही जमानत दे दी गई। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने आमजनों से सरकारी गाइडलाइन पालने करने की अपील की। ताकि कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अब आपके हाथों में ही आपकी जिदंगी है। कोरोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क पहने, सामाजिक दूरी का पालन करें। घर से तभी निकले जब आपको बहुत जरूरी हो। आमजनों से अपील किया कि घर से बाहर निकलते समय मास्क जरूर पहने एवं शारीरिक दूरी का पालन करें। डीसी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी गाइडलाइन का हर हाल में अनुपालन कराएं। गाइडलाइन का पालन कराने में सख्ती बरतें। लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

पाकुड़/संवाददाता।

उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मंगलवार को समाहरणालय के निचले तल्ले में बने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवशयक पहलुओं की जांच की। सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार से ली। उपयुक्त ने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। उल्लेखनीय हो कि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्री-मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। रखरखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। इसी संबंध में उपायुक्त ने निरीक्षण करते हुए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

प्रखंड के सभी चिन्हित स्थानों में लोगों को दिया गया कोरोना का टीका

पाकुड़। पाकुडिया प्रखंड के चिन्हित कुल सात स्थलों पर कोरोना का वेक्सीन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मंगलवार को दिया गया, इस दौरान भालुकचुंवां, चौकिसाल, गनपुरा, मोगलाबान्ध पाकुड़िया, लखिजोल, पालियादाहा सहित अन्य गांवों में लोगों को कोरोना का वेक्सीन पहला एवं दूसरा डोज दिया गया। वेक्सीन का पहला डोज ले चुके रंजीत भगत, सुमित मंडल, मानेल मरांडी आदि अन्य ने बताया कि कोरोना वेक्सीन लेने के बाद उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नही करना पड़ा। वेक्सीन के बाद सब कुछ सामान्य है। इन्होंने अन्य लोगों को भी जल्द से जल्द नजदीकी टीकाकरण केंद्र जाकर वेक्सीन लगवाकर खुद को सुरक्षित कर लेने का आव्हान किया। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार ने बताया कि वेक्सिनेशन के दौरान कोरोना गाइडलाइंस का अक्षरशः पालन कराया जा रहा है।

बच्ची को कुत्ते ने काटा

पाकुड़। पाकुडिया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में इन दिनों कुत्ता द्वारा काटने की घटनाओं में अचानक से बृद्धि देखी जा रही है। मंगलवार को भी प्रखंड के रामघाटी ग्राम में एक 9 वर्षीय बच्ची सोनाली कुमारी को आवारा कुत्तों ने हाथ, कलाई सहित शरीर के अन्य हिस्सों में काटकर जख्मी कर दिया। वहीं दूसरी ओर रामघाटी के ही 16 वर्षीय गणेश ठाकुर को भी आवारा कुत्तों ने काट दिया। आनन फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुडिया लाया गया जहां चिकित्सक डॉ गंगा शंकर साह ने प्राथमिक चिकित्सा कर दोनों मरीजों को एन्टी रेबिज सहित टिटनस का सुई लगाने के अलावे अन्य जरूरी दवाएं दी। पीड़ितों ने बताया कि वे घर के दरवाजे पर खड़े थे इसी दौरान झुंड में शामिल एक कुत्ते ने दोनों को काट दिया। हालांकि ईलाज के बाद डॉक्टर ने दोनों को खतरे से बाहर बताया।

दिल के दौरा पड़ने से दुखन महतो की मौत

हजारीबाग। बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत अंतर्गत शिवाडीह निवासी दुखन महतो पिता स्वर्गीय गंदौरी महतो उम्र लगभग 73 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। मृतक के पुत्र बासुदेव प्रसाद ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने के कारण मेरे पिता की मृत्यु घर पर हो गई। वह कई वर्ष से बीमार थे। वे अपने पीछे 3 पुत्र व 1 पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ चल बसे।उनका अंतिम संस्कार शिवाडीह घाट में किया गया। उनके मृत्यू पर मुख्य रूप से पुत्र प्रकाश कुमार दांगी, वासुदेव प्रसाद, नंदलाल प्रसाद दांगी, पुत्री गीता देवी, धनंजय प्रशाद, रोमल प्रसाद कुशवाहा, बुधन महतो, जितेंद्र महतो नरेश महतो, रामकिशोर महतो, राज कुमारआदि ने शोक व्यक्त किया है।

खून देकर बचाई गर्भवती की जान

पाकुड़। सदर अस्पताल में मंगलवार की देरशाम एक स्थानीय पत्रकार ने गर्भवती महिला को खून देकर उसकी जान बचाई। खून चढ़ाने के उपरांत गर्भवती महिला ने स्वस्थ बच्चा को जन्म दिया। सदर प्रखंड के चेंगाडांगा गांव की गर्भवती चाइना बीवी को सोनाजोड़ी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला डॉक्टर ने जांच कर बताया कि महिला के शरीर में खून की कमी है और महिला के गर्भ में पल रहा शिशु गर्भ के दसवें महीने में पहुंच गया है। शरीर में खून की कमी की वजह से महिला डॉक्टर ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया। गर्भवती महिला चाइना बीवी को ओ पॉजिटिव ग्रुप के खून की जरूरत थी, लेकिन ब्लड बैंक में ओ पॉजिटिव खून नहीं था। खून की कमी को देखते हुए चिकित्सकों ने गर्भवती महिला के परिजनों को खून की व्यवस्था करने के लिए कहा। गर्भवती महिला को खून नहीं चढ़ाया गया तो बच्चा एवं मां दोनों का जान जा सकती है। गर्भवती महिला के परिजनों ने पत्रकार इकबाल हुसैन व एक संस्था के सतनाम सिंह से संपर्क किया तो वे खून देने के लिए तैयार हो गए। सदर अस्पताल में गर्भवती महिला को खून चढ़ाने के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया। महिला ने स्वस्थ बच्चा को जन्म दिया।

वैक्सीन से नुकसान नहीं, कोरोना रोकने में कारगर

पाकुड़। कोरोनारोधी वैक्सीन को लेकर ग्रामीणों में फैले भ्रम को दूर करने के लिए बीसीओ सतेंद्र कुमार ने मंगलवार को तालपहाड़ी गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक की।उन्होंने ग्रामीणों को बताया वैक्सीन लेने से किसी प्रकार की हानि नहीं होती है। वैक्सीन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बड़ा देता है। इससे हमें कोरोना जैसे महामारी रोग से लड़ने में ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कोरोना का अभी तक कोई दवा उपलब्ध नहीं है, जिससे कोरोना वायरस को हराया जा सके। कोरोना वायरस को रोकने के लिए वैक्सीन ही एक मात्र उपाय है। उन्होंने 45 वर्ष से ऊपर के उम्र वाले व्यक्तियों को टिका लगाने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। उन्होंने कहा बहुत जल्द ही 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के लोगों को भी सरकार वैक्सीन देने की व्यवस्था करेगी। बैठक में लोगों को मास्क का प्रयोग एवं शारीरिक दूरी का पालन करने को कहा गया। बीसीओ की अपील पर बैठक में मौजूद 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले 20 ग्रामीणों को बारी बारी से वैक्सीन की पहली डोज गांव में मौजूद स्वास्थ टीम ने लगाई।

इसाकपुर, इलामी, नवादा चौक एंव रहसपुर में किया भ्रमण

पाकुड़/एजेंसी।

- नूरजमाल शेख
- जहांगीर आलम
- अनवर शेख
- वणकूल शेख
- जयिरूल शेख
- हामीद शेख
- फिकारुल शेख
- सफीकुल शेख

स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल के द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत इसाकपुर, इलामी, नवादा चौक एंव रहसपुर में किया गया भ्रमण। इस दौरान सड़कों पर आवागमन करने वाले व्यक्तियों से घर से बाहर निकलने का उचित कारण से संबंधित पूछताछ भी की गई एवं बेवजह घूमने वाले एवं दो पहिया वाहन पर दो सवारियों के साथ चलने वाले व्यक्तियों का चालान भी काटा गया। इस दौरान कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं करने वाले 8 लोगों पर प्राथमिक दर्ज किया गया। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मास्क नहीं पहनने एवं सामाजिक दूरी का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही कहा कि वहां उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को लॉकडाउन का अक्षरशः अनुपालन करने के लिए आवशयक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने भ्रमण के दौरान आमजनों से सरकारी गाइडलाइन पालने करने की बात कही ताकि कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अब आपके हाथों में ही आपकी जिदंगी है, कोरोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क पहने, सामाजिक दूरी का पालन करें एवं घर से तभी निकले जब आपको बहुत जरूरी हो। साथ ही आमजनों से अपील किया कि घर से बाहर निकलते समय मास्क जरूर पहने एवं सामाजिक दूरी का पालन करें। उक्त भ्रमण के दौरान उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, पाकुड़ सीओ आलोक वरन केसरी एंव मुफस्सिल थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 62 व्यक्तियों ने भरा जुर्माना

दुमका। वर्तमान में जिले में 206 कंटेनमेंट जोन सक्रिय हैं।ज्ञात हो कि कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के निवास स्थल को केन्द्र बिन्दु मानते हुए भारत सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में कंटेनमेंट जॉन बनाये जा रहे हैं। कंट्रोल रूम को आमजनों से कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई।प्राप्त सभी शिकायतों का निष्पादन किया गया।दरअसल कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए आमजनों के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।कंट्रोल रूम के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कोविड-19 से संबंधित शिकायत या सूचना प्राप्त कर सकता है।24×7 यह कंट्रोल रूम कार्यरत है।मास्क नहीं पहनने एवं कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 62 व्यक्तियों से 7500 रुपये जुर्माना वसूल किया गया है।

71 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए

दुमका। उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि कुल 71 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। जिसमें दुमका से 39, गोपीकांदर से 0, जामा से 01, जरमुंडी से 16, काठीकुंड से 02, मसलिया से 02, रामगढ़ से 00, रानेश्वर से 01 व सरैयाहाट से 03, शिकारीपाड़ा से 07 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। आज कुल 37 व्यक्ति कोरोना से ठीक हुए। अब तक दुमका जिला में कुल 3921 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। अबतक कुल 34 लोगों की मौत हो चुकी है।वर्तमान में कुल 1030 कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज किया जा रहा है।उपायुक्त ने लोगों से अपील कि है कि बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलें व सामाजिक दूरी का पालन करें। अफवाहों से दूर रहें। स्वास्थ विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

प्रशासन के निर्देश के बावजूद भी सप्ताहिक हॉट में नहीं हुआ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन

अमड़ापाड़ा (पाकुड़)। मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले साप्ताहिक हाट को प्रशासन ने मुख्य सड़क के किनारे लगाने का निर्देश दिया गया। सभी दुकानदारों ने सब्जी की दुकान लगाई, लेकिन प्रशासन के निर्देश के बावजूद भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो पाया माना जा रहा है। सभी दुकाने दोपहर 2 बजे तक दुकान खुली रहेगी। 2 बजे तक दुकान खुले रहने के ख्याल से लोगों ने सरकार के निर्देश का अवहेलना करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया और साप्ताहिक हाट करने पहुंचे ग्रामीणों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया। सुबह से ही पुलिस के द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाने को लेकर मुस्तैद दिखे।

डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

पाकुड़। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने मंगलवार को समाहरणालय के नीचले तल्ले में बने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवशयक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार से लिया। उन्होंने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। उल्लेखनीय हो कि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्री - मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं रखरखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। इसी संबंध में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने निरीक्षण करते हुए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को आवशयक दिशा- निर्देश दिया तथा प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने का निर्देश दिया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सोशल मीडिया प्रचार पदाधिकारी पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

कोरोना जांच हेतु स्वाब सैम्पल लिया

पाकुड़। घातक कोरोना वायरस के ब्यापक रोकथाम व इससे बचाव के मद्देनजर कोविड 19 की जांच हेतु मंगलवार को बीडीओ मिथिलेश कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी किरण डांग एवं थाना प्रभारी चंदन कु गुप्ता की देखरेख में पुलिस जवानों द्वारा पाकुडिया दुमका मुख्य सड़क पर पाकुडिया चौक में चेक नाका लगवाकर गुजरनेवाली सभी प्रकार के वाहनों के ड्राइवर, हेल्फर एवं मोटरसाइकिल चालक सहित वाहन पर बैठे अन्य सभी लोगों का कोरोना जांच हेतु स्वाब सैम्पल लिया गया । इसके अलावे प्रखंड परिसर, एसबीआई बैंक परिसर, अस्पताल परिसर आदि अन्य स्थानों में विशेष जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान आम जनो का कोविड 19 जांच हेतु सैम्पल संग्रहित किया गया। साथ ही शिविर में सैम्पल देने वालों का पूरा विवरण भी एकत्र किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सभी स्वाब सैम्पल की जांच एंटीजन किटसे की जायेगी। समाचार प्रेषण तक सभी सैम्पल संग्रहण केंद्रों में बुधवार को 160 से अधिक लोगों का स्वाब सैम्पल लिया जा चुका था तथा आगे शिविर में उपस्थित लोगों के जांच का कार्य चल रहा था। मौके पर विनोद ढाका, नागेश्वर प्रसाद,अटल बिहारी, एन के पाल, राजकुमार ठाकुर, चौकीदार निर्मल कुमार दास सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

एक व्यक्ति को सांप ने डसा, किया गया रेफर

हजारीबाग/बरकट्ठा। चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चटकरी में एक व्यक्ति को सांप ने डस लिया।घटना सोमवार की रात्रि की है जिसमें चटकरी निवासी दीपक कुमार यादव 28 वर्ष पिता द्वारिका यादव को घर पर सांप ने डस लिया।जिसके बाद उसे बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

सड़क दुर्घटना में युवक हुआ घायल, किया गया रेफर

हजारीबाग। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार की रात्रि में हुई सड़क दुर्घटना में ग्राम करमटांड निवासी महेश कुमार तुरी 19 वर्ष पिता रूपलाल तुरी घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

नेता नहीं एक बेटा के रूप में नियमित रूप से अपने उत्तरदायित्व का कर रहा हूं निर्वहन: मनीष

हजारीबाग। कोरोना की दूसरी भयावह लहर के बीच जरूरतमंद कोरोना संक्रमित मरीजों की सांस की आस बनकर उनके लिए लगातार अस्पतालों में बेड, दवाई और ऑक्सीजन सिलेण्डर मुहैया कराने में जुटे सदर विधायक मनीष जायसवाल क्षेत्र की लोगों के सुरक्षा के मद्देनजर और उनके बीच कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से कुल 01 लाख़ मास्क उन्होंने मंगवाया है। मंगलवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल के कार्यालय में प्रथम खेप का यह 01 लाख मास्क पहुंच गया। विधायक श्री जायसवाल ने बताया कि दूसरे खेप में 01 लाख़ मास्क और आएगा। यानी कुल 02 लाख मास्क का वितरण हजारीबाग में जल्द महामास्क वितरण अभियान की शुरुआत कर लोगों के बीच सुरक्षा कवच के रूप में किया जाएगा। इस अभियान की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सदर विधानसभा क्षेत्र के एक - एक चेहरे तक यह मास्क स्थानीय विधायक प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और अपने समर्थकों के मार्फ़त से पहुंचाया जाएगा ।

माले विधायक ने बिजली की समस्याओं से विभाग को कराया अवगत

गिरिडीह। बगोदर के माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने आज अपने क्षेत्र की बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। संबंधित समस्याओं को लेकर जीएम कार्यालय पहुंचे विधायक श्री सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र के पोखरिया घंघरी तथा हरदिया समेत कई गांवों के ट्रांसफार्मर जले हुए हैं जबकि कई जगह अन्य समस्याएं भी हैं। कोविड काल में इस वजह से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। जबकि अपनी समस्याओं को लेकर आम लोग अभी कार्यालय भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसलिए उन्हें सूचना मिलने पर क्षेत्र की बिजली से जुड़ी उक्त समस्याओं से विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारियों का अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के कई पदाधिकारी एवं कर्मी स्वयं कोरोना पॉजिटिव हैं, जिस कारण कार्यालय में कोई बैठ नहीं रहे हैं जिससे परेशानी और बढ़ी हुई है। आखिरकार, माले विधायक ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को फोन पर सारी बातों से अवगत कराते हुए यथाशीघ्र इसका समाधान करने को कहा। इस दौरान माले विधायक के साथ पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजेश कुमार यादव तथा गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा भी मौजूद रहे।

बिरहोर लोगों को जेल की तरह कर दिया गया है कैद, जल्द मिले न्याय : अंबा प्रसाद

- जिला पर्यावरण समिति को विधायक अंबा प्रसाद ने लिखा पत्र

हजारीबाग। केरेडारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पहरा निवासी झारखण्ड के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, एवं माता निर्मला देवी की बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड में ग्राम हेहल स्थित मां छिन्नमस्तिके सीमेंट एवं आयरन प्लांट से निकलने वाली जहरीली प्रदूषण से निजात दिलाने के संबंध में रामगढ़ जिला पर्यावरण समिति को पत्र लिखा और बात करते हुए जल्द से जल्द स्थानीय निवासियों को जहरीले प्रदूषण से निजात दिलाने हेतु कार्रवाई करने की मांग की. विधायक ने बताया की प्लांट से निकलने वाले धुएं से पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो रहा है आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है लोग तरह-तरह की भयंकर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं. हेहल के बिरहोर एवं मल्हार समुदाय के स्थानीय लोगों को कंपनी के द्वारा दीवार लगाकर जेल की तरह कैद कर दिया गया है.

कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में दे जिला प्रशासन रामगढ़ का साथ

रामगढ़। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा तीव्र गति से संक्रमण को रोकने एवं मरीजों के उपचार हेतु कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा जिले के सभी चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, एमडी मेडिसिन, एनएसथीसिया चिकित्सक, जनरल फिजिशियन, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, वार्ड बॉय आदि से कोरोना के विरुद्ध इस लड़ाई में जिला प्रशासन रामगढ़ का सहयोग करने की अपील की गई है। सहयोग करने हेतु चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी दूरभाष संख्या 8789647 770 पर भी जानकारी दे सकते हैं।

मधुपुर उपचुनाव में जेएमएम प्रत्यासी की ऐतिहासिक जीत हुई है : सफीक

तिसरी/गिरिडीह । मधुपुर उप चुनाव में जेएमएम प्रत्यासी हफीजुल हशन की जीत के खुसी में मंगलवार को गिरिडिह जिला उपाध्यक्ष सफीक अंसारी तिसरी प्रखंड के बिभिन्न जेएमएम कार्यकर्ताओ से मिलकर खुशी का इजहार किया । उन्होंने कहा मधुपुर विधान सभा उप चुनाव में विपक्षी प्रत्यासी के तरफ से दर्जनों दिग्गज नेता भाषण बाजी किये । इसके बाद भी 5292 अधिक मत लाकर जेएमएम प्रत्यासी ने अपनी जीत दर्ज किया है जो जेएमएम के लिए ऐतिहासिक जीत है । उन्होंने कहा हफिजुल हसन एक जुझारु एवं कर्मठ नेता है उन्होंने मधुपुर विधानसभा उपचुनाव मे भाजपा के प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह को 5292 मतों से हरा कर अपनी जीत दर्ज साबित कर दिखाया है। जेएमएम नेता रिन्कु बरनवाल ने कहा की झारखण्ड की मधुपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव मे मंत्री हफिजुल हसन जी के जीत से पुरा झारखण्ड के जेएमएम कार्यकर्ताओ मे खुशी का माहौल है। साथ मे सभी जगहों से कार्यकर्ताओ ने मंत्री हफिजुल हसन को हार्दिक बधाई दी जा रही है। मौके पर नरेश वर्मा, मो0 मुनिम, मो0 असगर, करीम अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजुद थे।

संक्षिप्त समाचार

पीड़ित लोगों की मदद हेतु जारी किया हेल्पलाइन नंबर

दुमका। दुमका निफा की जिला अध्यक्ष शशि प्रभा सोरेन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस कोविड-19 महामारी में हमारे कार्यकर्ता रक्तदान कर रहे हैं। कालाबाजारी रोकने के लिए बाहर से उचित दर पर सामान लाकर दुमका की जनता को उचित दाम पर सामान उपलब्ध कराया जाएगा इसके लिए लगातार प्रयास किया गया. सामान उपलब्ध हो गया है। भाग्यश्री शर्मा ने कहा कि पल्स ऑक्सीमीटर, वेपोराइजर, हैंड सैनिटाइजर, हैंड ग्लब्स अब उपलब्ध है।ऑक्सीजन के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है.साथ ही विभिन्न संगठनों के साथ तालमेल कर लोगों को ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जतिन कुमार ने कहा कि पिछले साल से इस साल कोविड-19 ज्यादा खतरनाक है इसके बाद भी हम लोग समाज में सेवा करने के लिए तत्पर खड़े हैं। दुमका जिला प्रशासन लगातार हमलोगो को सहयोग कर रहा हैं.उन्होंने कहा कि मैं दुमका के युवाओं से अनुरोध करता हूं कि डरे नही अपना समय का इंतजार करें और समय आने पर वैक्सीन जरूर लगवाएं।

निफा के मीडिया प्रभारी रमेश मंडल ने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए संगठन के तरफ से नंबर सार्वजनिक कर दिया गया है आप इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं और संगठन की कोशिश होगी कि आपको सहयोग और मदद कर सके। संपर्क नंबर शशि प्रभा सोरेना- 82298 80273, भाग्यश्री शर्मा-7857908767, सुमंतो कुमार-7061947545, अरविंद केसरी 77629 89175, विश्वजीत सिंह 91226 49048, रमेश मंडल-8709538451, दीपक राय- 96932 33793, जतिन कुमार-8541812402, अभिषेक कुमार- 73218 78398, सोहन शर्मा-7488424182, मनीष रंजन-6205380752, गौतम भंडारी-9608006210, सहेबज अली-8709667103, बिपुल गुप्ता-9304663017।

रानीश्वर के विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर 246 लोगों का किया गया टीकाकरण, 64 सैंपल संग्रह

दुमका। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीश्वर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमजोड़ा, मध्य विद्यालय सादीपुर एवं मध्य विद्यालय सुखजोड़ा में शिविर लगाकर मंगलवार को 246 लोगो को कोविड 19 की वैक्सीन दी गई। शिविर में 64 लोगो का सैम्पल संग्रह किया गया हैं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुमार प्रीतम दत्त के नेतृत्व में मेडिकल टीम के साथ लगातार टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वही प्रयोगशाला प्राबेधिकी सुनील कुमार बहुद्देशीय कार्यकर्ताओ (एमपीडब्ल्यू) के साथ अपनी जान हथेली में लेकर सेम्पल संग्रह कर रहे है। अब तक यहां नौ हजार लोगों का टीकाकरण किया गया है, वही पांच हजार तीन सौ सोलह लोगों का सेम्पल संग्रह किया गया हैं। जानकारी के अनुसार यहां अब तक जांच में 95 पजेटिव केस मिला हैं जबकि 59 एक्टिव केस हैं। अब तक 34 लोग स्वस्थ हो चुके हैं, वही दो मरीजों की मृत्यु हुई हैं। यहां होम आइसोलेशन में चिकित्साधिन रोगियों को कोविड किट उपलब्ध कराने के साथ मेडिकल टीम उन रोगियों के साथ लगातार संपर्क बनाकर रखें हुए हैं, जो एक अच्छी पहल हैं।

94 लोगों का लिया सैंपल, 85 लोगो को दिया गया टीका

दुमका। कोरोना के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए जामा प्रखंड में लगातार मास्क जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रखंड प्रशासन द्वारा गांव गांव जाकर लोगों को कोरोना से बचाव हेतु जागरुक किया जा रहा है जामा प्रखण्ड में मंगलवार को कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों से जामा थाना के सामने चेकनाका में मंगलवार को 1 व्यक्ति से कुल 200 रु जुर्माना वसूला गया। इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शिद्धार्थ शंकर यादव, के अलावा प्रभारी थाना प्रभारी रवि शंकर सिंह एएसआई विलकम बागे सहित प्रतिनियोजित दंडाधिकारी के सहयोग से सभी प्रकार के वाहनों में मास्क जांच अभियान चलाया गया और आम लोगों को कोविड -19 के दिशा निर्देश का पालन करने की अपील करते हुए सुरक्षित अपने घरों में रहने की हिदायत दी गई। जामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कई पंचायतों में संचालित विशेष कैम्प आयोजित कर सोमवार आरटीपीसीआर के तहत 94 लोगों का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जामा में 85 लोगों को टीका लगाया गया।

शिकारीपाड़ा में कोरोना से 65 वर्षीय महिला की मौत

दुमका। प्रखंड मुख्यालय से सटे जामू गढ़िया गांव की एक 65 वर्षीय महिला की मौत कोरोना से हो गई. परिजनों के अनुसार मृत महिला की कोरोना जांच पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में कराई गई थी, जहां उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी. वह घर में ही इलाज कराती रही, स्थिति खराब होने पर दुमका गई वहां चिकित्सक द्वारा उसके परिजन को घर में रखकर सेवा करने की सलाह दी गई. आज उस महिला की मृत्यु हो गई.मृत महिला के परिवार में 10 दिन पूर्व भी एक व्यक्ति की मौत कोरोना से हो गई थी. कोरोना से हो रही लगातार मौत के बावजूद लोग लापरवाह बने हुए हैं तथा स्थानीय प्रशासन सख्ती नहीं बरत रहा है.

जमकर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही

दुमका। शिकारीपाड़ा प्रखंड में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में कोरोना के नाम पर जमकर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बताया जाता है कि कोरोना की रोकथाम में प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के उलझे होने का फायदा उठाकर बिचौलिए, रोजगार सेवक और कुछ सफेदपोश नियमों को ताख पर रखकर राशि की बंदरबांट कर रहे हैं। किसी भी योजनास्थल पर सूचना पट्ट लगाए बगैर मनचाहा काम कराया जा रहा है। यह तक पता लगा पाना मुश्किल होता है कि योजना में कहां से काम हो रहा है और कितना पैसा खर्च किया जाना है, मजदूरों की मजदूरी कितनी निर्धारित है। जेसीबी मशीन से मिट्टी खुदाई कर मजदूरों के नाम पर राशि की निकासी की जा रही है। इधर, सब कुछ देखते हुए भी प्रशासन मौन है और दूसरी ओर स्थानीय लोग रोजगार की तलाश में पश्चिम बंगाल समेत अन्य अन्य राज्यों की ओर रुख कर रहे हैं, जबकि उन्हें रोजगार दिलाने के नाम पर करोड़ों की योजनाएं चल रही हैं।

देवरी-खिजुरी रोड में बाइक और कार के टक्कर में दो बाइक सवारों की मौत

गिरिडीह । गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड में देवरी-खिजुरी रोड के केरोडीह गांव में मंगलवार की अहले सुबह स्विफ्ट डिजायर और बाइक के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार की मौत हो गई। खबर जाने वक्त तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। देवरी पुलिस भी मृतकों की पहचान में जुटी हुई है। इधर, घटना के बाद स्विफ्ट डिजायर में सवार चालक समेत अन्य लोग फरार होने में सफल रहे। घटना के बाद स्थानीय लोगो ने मामले की जानकारी देवरी पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

हादसे में कार व हाइवा सवार की मौत

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका। जिले में मंगलवार को जरमुंडी और शिकारीपाड़ाके सिमलती गांव के समीप ट्रकों की टक्कर से कार सवार अमित मंडल और हाइवा के चालक अब्दुल अंसारी की मौत हो गई। वहीं एक ट्रक का चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद जरमुंडी में लोगों ने करीब आधे घंटे के लिए दुमका-देवघर मार्ग को जाम कर दिया।मंगलवार की सुबह जरमुंडी के कुशमाहा चिकनिया गांव के समीप होटल के बाहर खड़े गिट्टी लदे हाइवा को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के वक्त हाइवा का सहायक चालक हथनामा गांव का अब्दुल अंसारी केबिन में बैठकर वाहन का अगला शीशा साफ कर रहा था। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं केबिन में फंसने के कारण ट्रक का चालक भी जख्मी हो गया। बेहोशी हालत में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं सोमवार की देर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सिमलती गांव के समीप हाइवा की चपेट में आने से शिकारीपाड़ा के कुम्हारपाड़ा निवासी अमित कुमार की मौत हो गई। अमित के भाई सुधीर पाल की आठ मई को बरात जाने वाली थी और अमित दुमका में रिश्तेदारों के घर शादी का कार्ड बांटने के बाद अकेले अपनी कार से घर लौट रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शवों को स्वजनों को सुपुर्द कर दिया।

मारवाड़ी युवा मंच द्वारा दिया जाएगा कोरोना संक्रमितों को निःशुल्क सहायता

गिरिडीह। मारवाड़ी युवा मंच गिरिडीह शाखा ने कोरोनावायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए दिनांक 5 5 2021 से कोरोना संक्रमित मरीजों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराने का फैसला लिया है यह भोजन मरीज के परिजनों द्वारा हेल्पलाइन नंबर पर फोन करने से होम डिलीवरी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही साथ मंच ने कोरोना संक्रमित ओं के लिए निशुल्क दवा उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया है विदित हो कि मंच द्वारा पहले से ही निशुल्क ऑक्सीजन बैंक द्वारा कोरोना संक्रमित मरीजों को जो घर पर ही आइसोलेशन में है ऑक्सीजन उपलब्ध कराया जा रहा है और अब यह सेवा मारवाड़ी युवा मंच के कुटिया मंदिर के सामने स्थित युवा भवन से शुरू की गई है साथ ही साथ मारवाड़ी युवा मंच द्वारा संचालित मारवाड़ी शमशान घाट में कोरोना संक्रमण काल तक शवदाह के लिए कल से निशुल्क लकड़ी की व्यवस्था भी की गई है उपरोक्त सभी सेवाओं के लिए निम्नलिखित नंबर दिए गए हैं।

भोजन के लिए- 9523252362
ऑक्सीजन के लिए- 94 311 44 325
94 311 44106
दवा के लिए- 92 04555 391
श्मसान में लकड़ी के लिए - 7004416545
9431921100

धर्मराज मंदिर में बिशेष पूजा आयोजित

दुमका। कोरोना संक्रमण की भयावहता से मानव जीवन को सुरक्षित करने के लिए संक्रमण की रोकथाम हेतु मंगलवार को सादीपुर के धर्मराज मंदिर में बिशेष पूजा अर्चना हुई। पुरोहित बलाई चक्रबर्ती एवं सुशेन चक्रबर्ती ने धर्मराज के बिग्रह का बैदिक रीति में पूजा किया हैं। तत्पश्चात माता मनसा, कालाराज, शीतला एवं बानेश्वर की पूजा की गई। कोविड 19 के गाईडलाईन को ध्यान में रख कर लोगो ने पूजा की। ग्रामीणों का मानना हैं कि धर्मराज की पूजा करने से गांव में महामारी नहीं होती हैं। चैत महीना में यहां गांव की शांति एवं महामारी की रोकथाम हेतु बिशेष पूजा हुई हैं ।

अमित की मौत से मातम में बदलीं शादी की खुशियां

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका। जिले में 12 घंटे के भीतर हुए दो हादसे कई परिवारों को ऐसा दर्द दे गए, जिसे शायद ही कभी भुलाया जा सके। शिकारीपाड़ा और जरमुंडी में दो लोगों की हाइवा की वजह से जान चली गई। शिकारीपाड़ा में मरने वाले अमित पाल के घर में शादी की सारी खुशियां मातम में बदल गई। आठ मई को उसके छोटे भाई की बरात जानी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शवों को स्वजन को सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।शिकारीपाड़ा थानाक्षेत्र के सिमलती के पास सोमवार की रात हाइवा की टक्कर से कार सवार शिकारीपाड़ा के कुम्हारपाड़ा निवासी 30 वर्षीय अमित उर्फ महिरंजन पाल की मौत हो गई। उसके भाई सुधीर पाल की शादी आठ मई को होने वाली थी। अमित अकेले ही शादी का कार्ड बांटने के लिए दुमका आया था। देर रात ऑल्टो कार से घर लौटने के दौरान सिमलती के पास सामने से आ रहे एक हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए। अमित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर शिकारीपाड़ा थाना के एसआइ सचिन मिश्रा मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अमित की शादी बंगाल के गणपुरा में हुई थी। वह दो बेटियों का पिता था। पहली बेटी छह और दूसरी तीन साल की है। मौत के बाद घर में मातम छा गया।जरमुंडी में दुमका-देवघर मुख्य सड़क पर कुशमाहा-चिकनिया गांव के समीप मंगलवार को एक होटल के पास खड़े गिट्टी लदे हाइवा को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में केबिन में बैठकर शीशा साफ कर रहे 32 वर्षीय सहायक चालक प्रखंड के हथनामा निवासी अब्दुल सैयद अंसारी की मौत हो गई। वहीं ट्रक का चालक पैर में रॉड घुस जाने के कारण घायल हो गया। बेहोशी की वजह से ट्रक चालक के बारे में कुछ पता नहीं चला। मृतक की पत्नी रवीना बीबी ने थाना में आवेदन देकर हादसे की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। रवीना ने पुलिस को बताया कि घटनास्थल पर हाइवा खड़ा कर चालक चाय पीने समीप के होटल में गया, जबकि पति केबिन में था। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। अब्दुल चार लड़कों और एक लड़की का पिता था। हादसे की सूचना मिलने पर आसपास के कई गांवों के ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे के लिए दुमका-देवघर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जानकारी मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी फुलेश्वर मुर्मू, सीओ राजकुमार प्रसाद, जरमुंडी थाना प्रभारी अतिन कुमार मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। बीडीओ ने कहा कि खलासी के स्वजनों को हरसंभव सरकारी सहायता दी जाएगी।

बीडीओ एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में काजी मगहा ग्राम में लगा कोविड जांच केम्प

- **केम्प में दर्जनों लोगों ने दिया सवाब सेम्पल**

जमुआ/गिरीडीह। कोरोना के बढ़ते मामले पर अंकुश लगाने हेतु जमुआ बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार एवं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश दुब्बे के नेतृत्व में मंगलवार को प्रखंड के मगहा कलां पंचायत के काजी मगहा ग्राम में मेडिकल केम्प लगा कर दर्जनों लोगों का सवाब सेम्पल लिया गया। मौके पर बीडीओ कर्मकार ने कहा कि कोरोना के चेन को तोड़ने हेतु हम सभी को सजग रहने की आवश्यकता है तभी इस महामारी से अपने तथा अपने लोगों को बचाया जा सकता है।कहा कि सभी लोग अपने अपने गांव मुहल्लों में लोगों को जागरूक कर कोविड 19 का वैक्सीन लगवाना सुनिश्चित करें साथ ही बाहर प्रदेशों से आने वाले प्रवासियों को बिना कोविड जांच करवाएं गांव एवं घर मे इंट्री नही दें।

मौके पर डॉ. राजेश दुब्बे ने गांव के सदर सेक्रीटरी, समाजसेवीयों बुद्धिजीवियों एवं आम अवाम से आ''ान करते हुवे कहा कि जो लोग कोविड का पहला डोज ले चुकें हैं वह पुनः दूसरा डोज भी लेलें वहीं जो किस कारण वस अब तक वैक्सीन नही लिए है शीघ्र वैक्सीन लेलें, तभी हम लोग इस वैशिक महामारी पर काबू पा सकेंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि गांव घर मे अगर किसी की तबियत बिगड़ती है तो वह फौरन कोविड जांच करवाएं तभी कोई दवा लें, कहा कि गांव देहात में अक्सर लोग झोला छाप के चंगुल में आकर जो सो दवा लेलेतें है और पेसेंट जब आपे से बाहर होता है तब लोग उसे अस्पताल लातें हैं।ऐसा करने से लोग खुद बचे एवं दूसरे को भी बचाएं।श्री दुब्बे ने कहा कि बढ़ते कोरोना प्रकोप से बचाव के लिए जांच कैंप जगह जगह लगाया जा रहा है। जिस तरह से जमुआ में कोरोना का प्रकोप बढ़ा है खुद को सुरक्षित रखने और परिवार एंव समाज को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा कोरोना जांच करवाएं। उक्त अवसर पर गांव के समाजसेवी असरार आलम, अबुजर नोमानी,असगर अली, नुरुल्लाह सिद्दीकी, मो.शाहिद, मो.जुन्नैद,फरीद आलम, सहित दर्जनों लोगों ने सवाब सेम्पल दिया एवं गांव के अन्य लोगों को भी कोविड जांच करवाने की सलाह दिए।

मौके पर उपरोक्त के अलावे जल सहिया दीदी, सामाजिक कार्यकर्ता एसरार आलम, नुरुल्लाह सिद्दीकी, अबुजर नोमानी, मो.राइस, हाफिज परवेज, मो शाहिद, फरीद आलम, रज़ा आलम आदि मौजूद थे।

सरकार के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं हजारीबाग के निजी एंबुलेंस चालक

हजारीबाग।

कोरोना संकट में जहां लोग एक दूसरे की मदद कर जीवन बचाने का काम कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इस आपदा को अवसर मान लोगों का शोषणकरने में जुटे हैं। हजारीबाग के निजी एंबुलेंस चालक भी कोरोना के नाम पर मरीजों से मनमाने पैसे वसूल रहे हैं। जबकि सरकार ने इनके लिए किराए की राशि फिक्स कर दी है लेकिन हजारीबाग के निजी एंबुलेंस चालकों को सरकार का कोई खौफ नहीं है। यह सरकार द्वारा निर्धारित राशि से 4 से 5 गुना ज्यादा किराया वसूल रहे हैं उस पर इनका तर्क है कि कोरोना में अपनी जान आफत में डालेंगे तो पैसा तो मनमाना लेंगे ही। रविवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज नई भर्ती एक कोरोना मरीज को धनबाद रिफर्फ करवाना था मरीज के परिजन जा जब एंबुलेंस की खोज करने लगे तो पहले तो कई एंबुलेंस चालकों ने ऑक्सीजन नहीं होने का बहाना बनाया बाद में मरीज की परेशानी वह देखते इन लोगों ने उससे 13000 की मांग की। जबकि धनबाद की दूरी हजारीबाग से 130 किलोमीटर है। वहीं शनिवार को एक मरीज को चतरा छोड़ने के लिए मेडिकल कॉलेज परिसर में लगे निजी एंबुलेंस चालकों द्वारा 10,000 रुपए की मांग की गई। वहीं रविवार को बरही से हजारीबाग एक मरीज को छोड़ने आए एंबुलेंस चालक ने मरीज के परिजनों से 12000 ले लिए। अब ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि आपदा को अवसर समझने वाले इन लेजी निजी एंबुलेंस चालकों पर प्रशासन का अभी हाल ही में राज्य सरकार ने एंबुलेंस चालकों अकेली भाड़े की रेट तय कर दी है जिसके मुताबिक सामान्य मरीज ले जाने पर 10 किलोमीटर तक 500 उसके बाद 12 प्रति किलोमीटर किया गया है वही कोरो ना मरीजों के लिए 10 किलोमीटर तक600 और उसके बाद 14 प्रति किलोमीटर भाड़ा तय किया गया है साथ में पीपी किट के लिए 500 एंबुलेंस की धुलाई के लिए 200 भी निर्धारित किए गए

मरीजों से वसूल रहे हैं मनमाने पैसे धनबाद जाने के लिए मांगा 13000

- **क्या कहते हैं जिला परिवहन पदाधिकारी**

वह इस मामले में पूछे जाने पर जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि अभी उनके पास परिणी वाकिया चिट्ठी नहीं पहुंची है अगर चिट्ठी आएगी तो उस पर नियम सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

सभी दवा दुकानों को 24×7 खुला रखने का दिया निर्देश

गिरिडीह। कोरोना के बढ़ते रफ्तार संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु जिला प्रशासन बहुत सजग एवं सतर्क है। कोविड-19 संक्रमण को रोकने हेतु जिला प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। बढ़ते संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कोविड संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु राज्य सरकार के द्वारा 06 मई तक पूरे राज्य में स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह घोषित किया गया है। जिसमें आवश्यक दुकानों को छोड़ सभी दुकानों को दोपहर 2 बजे तक बंद करने का सख्त निर्देश प्राप्त है तथा दवा की दुकानों को 24 घंटे संचालित करना है। ऐसे में जिले में संचालित सभी दवा की दुकानें रात 8 बजे ही बंद हो जा रही है, ऐसे में कोविड मरीजों को दवाओं के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर कोविड संक्रमित मरीजों की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उपायुक्त ने आदेश जारी कर औषधि निरीक्षक को कहा है कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत दवाई की दुकानों को 24 घंटों तक संचालित करने से संबंधित मेडिकल एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मेडिकल दुकानों सभी वार्डो/अस्पतालों की समीपवर्ती स्थलों को चिन्हित कर आवश्यक मरीजों को स-समय दवाइयों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 घंटे की सेवा सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने कोरोना प्रसार की गंभीरता को देखते हुए औषधि निरीक्षक को सख्त निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों/दवा दुकानों के द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करना अनिवार्य होगा, यह सुनिश्चित करेंगे। तथा सभी दवा दुकानों पर निगरानी रखेंगे।

विदित हो कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों को आवश्यक दवाओं की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है। मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने दवा दुकानों को 24×7 संचालित करने का निर्देश दिया है। बता दें कि जिले में जीवन रक्षक दवाओं की कोई कमी नहीं है। तथा आवश्यक दवाओं की कालाबाजारी एवं अनाधिकृत उपयोग न हो, यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है ताकि दवाओं की कालाबाजारी एवं अनाधिकृत उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर पूरी निगरानी रखी जा सकें। कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम तथा प्रचार प्रसार हेतु सदर अस्पताल, गिरिडीह में जिला कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। कोविड-19 से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता एवं शिकायत के लिए कंट्रोल रूम नंबरः- 06532-250842 एवं 06532-356918 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु गठित विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

रामगढ़। कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं इसके उपचार हेतु रामगढ़ जिला अंतर्गत गठित विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मंगलवार को उपायुक्त श्री संदीप सिंह ने ऑनलाइन मीटिंग सॉफ्टवेयर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सबसे पूर्व बेड मैनेजमेंट कोषांग के नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से रामगढ़ जिला अंतर्गत कोरोना मरीजों के उपचार हेतु चिन्हित अलग-अलग अस्पतालों में उपलब्ध बेडों की संख्या की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को नियमित रूप से अस्पताल संचालकों तथा नोडल चिकित्सकों के साथ संपर्क में रहने एवं रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों में नन ऑक्सीजन बेड, ऑक्सीजन बेड, वेंटिलेटर बेड आदि की रियल टाइम जानकारी अपडेट करने का निर्देश दिया। वहीं ऑक्सीजन प्रबंधन कोषांग के अधिकारियों को उपायुक्त ने प्रतिदिन कम से कम 2 बार सभी अस्पतालों के साथ संपर्क करने एवं उनके यहां उपलब्ध ऑक्सीजन की जानकारी लेने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध हो, इसके साथ ही बफर स्टॉक भी मेंटेन किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा तीव्र गति से अस्पतालों में ऑक्सीजन बेड बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन की खपत भी काफी बढ़ जाएगी इसी को ध्यान में रखते हुए सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध कराना गंभीरता से लें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी ट्रामा सेंटर एवं निजी अस्पतालों सह जिला मत्स्य पदाधिकारी से रामगढ़ के पटेल चौक स्थित ट्रामा सेंटर एवं अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने वन प्रमंडल पदाधिकारी से ट्रामा सेंटर एवं अन्य निजी अस्पतालों में इस्तेमाल किए जा रहे स्वास्थ्य उपकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रामगढ़ शहर क्षेत्र में कोरोना मरीजों के उपचार हेतु ट्रामा सेंटर का संचालन सही तरीके से होना काफी आवश्यक है, इसलिए वहां ऑक्सीजन का बफर स्टॉक भी मेंटेन किया जाए एवं नियमित रूप से वहां मरीजों के उपचार हेतु हो रहे कार्यों की समीक्षा की जाए।

उपायुक्त ने सीसीएल हॉस्पिटल रजरप्पा में मरीजों के उपचार हेतु हो रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीसीएल अस्पताल रजरप्पा में सभी बेड पर ऑक्सीजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी स्थापना शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारीज़ जिला मत्स्य पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, अंचल अधिकारी रामगढ़, अंचल अधिकारी चितरपुर, अंचल अधिकारी मांडू सहित अन्य उपस्थित थे।

फर्जी माप तोल के अधिकारियों को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

गिरीडीह। फर्जी माप तोल अधिकारी बने दो युवकों को ग्रामीणों ने निमियाघाट पुलिस के हवाले कर दिया है।

दरअसल मामला है निमियाघाट थाना क्षेत्र के मधुपुर मजार के पास प्रदीप चौधरी के खुदरा गल्ले की दुकान में ये दोनों युवक बतौर मापतोल अधिकारी बनकर आए तथा दुकान के रजिस्ट्रेशन बटखरे तथा तराजु के कागजात की मांग की। दुकानदार द्वारा सारे कागजात प्रस्तुत किए गए, कागजात देख दोनों अधिकारियों ने दुकानदार से यह कहते हुए 18000 की मांग की कि आपके तराजू का बिल पक्का नहीं है जबकि तराजू का बिल बिल्कुल पक्का था। दुकानदार को इन दोनों के व्यवहार से शक होने लगा दुकानदार द्वारा आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी गई कई बुद्धिजीवी उक्त दुकान में इकट्ठा हुए और दोनों फर्जी अधिकारियों से पूछताछ करने लगे।इतना ही नहीं ये दोनों यह कह कर इकट्ठे बुद्धिजीवियों को भड़काने लगे कि हम दोनों रांची से आए हैं। हम बड़े अधिकारी हैं। इस बात पर लोगों को और भी शक गहराने लगा कि आखिर गिरिडीह जिला में रांची से क्यों कोई अधिकारी आएगा।इस बात की सूचना निमियाघाट थाना प्रभारी को ग्रामीणों द्वारा दी गई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों फर्जी माप तोल अधिकारियों को अपने कब्जे में लेते हुए ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी तथा वाहन को भी जप्त कर लिया गया है। दोनों फर्जी अधिकारियों में पहला संतोष कुमार पिता लुबरा महतो ग्राम बड़ा पांडेडीह, (खानूडीह) थाना बाघमारा जिला धनबाद तथा दूसरे का नाम आयुष कुमार सिन्हा पिता अरुण कुमार श्रीवास्तव ग्राम कोल्हाकुसुमा जिला धनबाद है। फिलहाल दोनों पुलिस की गिरफ्त में है तथा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कोरोना से हुई कमजोरी को ऐसे भगाएं दूर

कोरोना के हल्के लक्षण वाले मरीज 14 दिनों में ठीक हो जाते हैं। हालांकि नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद भी थकान और कमजोरी कई दिनों तक बनी रहती है। कुछ लोगों को तो इससे पूरी तरह उबरने में 6-8 महीने तक का समय लग जाता है। जल्दी रिकवरी और पुराने रुटीन में वापस आने के लिए हेल्थ एक्सपर्ट्स की कुछ टिप्स आपके काम आ सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स ने कोरोना के मरीजों के लिए कुछ ऐसे टिप्स बताए हैं जो जल्दी रिकवरी में मदद करते हैं। एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा का ख्याल रखते हुए न्यूट्रिशन, फिटनेस और पूरे हेल्थ पर ध्यान देने की जरूरत बताई है।

● सुबह जल्दी उठें

सुबह जल्दी उठने से आप अंदर से खुद को सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे। सुबह की ताजी हवा और धूप शरीर को एक्टिव बनाती है। सुबह-सुबह एक्सरसाइज करने से मूड अच्छा होता है और दिन अच्छा गुजरता है। इससे आप शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी मजबूत होंगे। कोरोना से ठीक होने की प्रक्रिया में किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए। बहुत भारी-भरकम एक्सरसाइज करने से बचें, धीरे-धीरे वॉक से शुरूआत करें, ब्रीदिंग एक्सरसाइज और मेडिटेशन करें। इस समय आपके शरीर को आराम की भी जरूरत होती है। इसलिए हल्की-फुल्की एक्सरसाइज ही करें।

● रात में जल्दी सोएं

कोरोना से जल्दी और पूरी तरह ठीक होने में नींद की बहुत अहम भूमिका है। जितनी अच्छी नींद लेंगे, आप उतनी जल्दी ठीक होंगे। रात में जल्दी सोने की कोशिश करें। टीवी और मोबाइल का कम इस्तेमाल करें। कोरोना से रिकवरी के समय भी सावधानी बहुत जरूरी है वरना थोड़ी सी लापरवाही आपका इम्यून सिस्टम और कमजोर कर सकती है। बहुत जरूरी ना हो तो बाहर बिल्कुल ना जाएं। अगर जाना भी पड़े तो दो मास्क लगाकर जाएं और सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखें।

● प्राणायाम करें

घर पर रहते हुए ऑक्सीजन का स्तर सही रखें। अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति और भस्त्रिका प्राणायाम करने से शरीर में ऑक्सीजन की कमी नहीं होती है। इन प्राणायाम को हर दिन किया जा सकता है। हर दिन सुबह 30 मिनट तक धूप में बैठें। सुबह-सुबह की धूप बहुत तेज नहीं होती है। सुबह की धूप में बैठने से आपको विटामिन ऊऔर एनर्जी मिलेगी।

हर दिन सुबह एक खजूर, मुट्ठी पर किशमिश, दो बादाम और दो अखरोट खाएं। ध्यान रखें कि ये सारे मेवे रात भर पानी में भीगे हुए होने चाहिए। हर दिन ड्राई फ्रूट्स खाने से आपका शरीर अंदर से मजबूत बनेगा। कोरोना से ठीक होने के कुछ दिनों बाद तक खाना ऐसा ही खाएं जो हल्का और आसानी से पचने वाला हो। हर दिन दाल का पानी पिएं और एक दिन छोड़कर पौष्टिक खिचड़ी खाएं। इससे शरीर में जल्दी मजबूती आएगी।

मोरिंगा यानी सहजन में बहुत औषधीय गुण होते हैं। इसमें कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है। ये हड्डियों को मजबूत करने के साथ ही डिप्रेशन, घबराहट और थकान को भी दूर करता है। हफ्ते में दो-तीन बार मोरिंगा का सूप जरूर पिएं।

जीरा, धनिया और सौंफ की चाय- दिन में दो बार जीरा, धनिया और सौंफ की बनी चाय पिएं। ये शरीर को अंदर से साफ करता है, सही वजन बनाए रखता है, तनाव घटाता है और पाचन क्रिया सही रखता है। इसे खाना खाने के एक घंटे बाद पीना चाहिए। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आप हर्बल टी भी पी सकते हैं।

● साभार : बेवदुनिया डॉट कॉम

गर्मी के मौसम की बीमारियां लक्षण और रोकथाम के तरीके

जाड़े के मौसम में जुकाम, कफ, फ्लू सर्दी के आम लक्षण हैं, उसी तरह डेंगू, मलेरिया के खतरे मॉनसून के आने के साथ ही बढ़ जाते हैं। ठीक उसी तरह डायरिया, फूड प्वायजनिंग होने की अधिक संभावना होती है। आपको गर्मी में होनेवाली आम बीमारी और उसके लक्षणों के अलावा रोकथाम के उपाय जानना चाहिए । वैसे हर मौसम में कुछ मामूली बीमारी किसी को हो सकती है, लेकिन गर्मी का मौसम अपने साथ कई खतरनाक बीमारियों को लाता है। इस मौसम में थोड़ी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। वास्तव में कुछ बीमारियां ऐसी होती हैं जो सिर्फ मौसम के मुताबिक होती हैं, जैसे सर्दी, कफ, फ्लू सर्दी के आम लक्षण हैं, उसी तरह डेंगू, मलेरिया के खतरे मॉनसून के आने के साथ ही बढ़ जाते हैं। ठीक उसी तरह डायरिया, फूड प्वायजनिंग होने की अधिक संभावना होती है। न सिर्फ ये बल्कि लू, डिहाइड्रेशन भी लोगों को इस मौसम में तेज धूप और पसीना के कारण बीमार कर सकता है। ऐसी परिस्थिति में आपको जानना चाहिए कौन सी बीमारियां हैं जिसकी चपेट में आप गर्मी के मौसम में आ सकते हैं और उनसे कैसे बचें।

● लू लगना यानी हीट स्ट्रोक

मेडिकल की परिभाषा में शरीर का तापमान अचानक बढने की स्थिति को 'हाइपरथर्मिया' कहते हैं। गर्मी के मौसम में होनेवाली सबसे आम बीमारियों में से ये एक है। अगर आप देर तक कड़ी धूप में रहते हैं, तब आप तपिश की चपेट में आ सकते हैं।

» लू लगने के लक्षण

तेज सिर दर्द, तेज बुखार, उल्टी, सांस का तेज चलना, चक्कर, कमजोरी या बेहोशी, जल्दी-जल्दी पेशाब आना लक्षणों में शामिल होता है। खाली पेट कभी बाहर नहीं निकलें। जहां तक संभव हो सके हाइड्रेटेड रहें और धूप में अपने सिर को ढांकें। 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर के अंदर रहें।

● फूड प्वायजनिंग

ये भी गर्मी की एक आम समस्या है। ये दूषित भोजन खाना या पानी पीने से होता है। इस मौसम में बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से बढ़ते हैं। ऐसी परिस्थिति में अगर किसी तरह का बैक्टीरिया, वायरस, टॉक्सिन शरीर के अंदर जाता है, तब फूड प्वायजनिंग हो सकता है।

» फूड प्वायजनिंग के लक्षण

उसके लक्षणों में पेट दर्द, मतली, डायरिया, बुखार और शरीर में दर्द शामिल है। इसमें न सिर्फ ऐंठन के साथ पेट दर्द होता है बल्कि डायरिया, उल्टी भी शुरू हो जाती है। इसलिए, इस मौसम में जरूरी है कि सड़क किनारे के फूड, कच्चा मांस, खुले में बिक रहा फूड, ठंडा फूड, बासी फूड खाने से परहेज करें।

● टायफायड

दूषित पानी या शर्बत के पीने के कारण होनेवाली पानी जनित बीमारी है। आम तौर पर बीमारी के लक्षण उस वक्त जाहिर होते हैं जब संक्रमित बैक्टीरिया पानी के साथ शरीर के अंदर घुसता है।

» टायफायड के लक्षण

लक्षणों में तेज बुखार, भूख की कमी, सख्त पेट दर्द, कमजोरी शामिल है। बीमारी को रोकने के लिए बच्चों को टायफायड की वैक्सीन लगाई जाती है जिसे पुरुषों को भी दिया जा सकता है। इसके अलावा, इलाज के लिए दवाओं का सहारा लेना पड़ता है।

सावधान ! ज्यादा परफ्यूम लगाने से हो सकती है गंभीर बीमारी

गर्मियों में होने वाले पसीने और शरीर से आने वाली बदबू से बचने के लिए हम सभी तरह-तरह के ब्रॉड के परफ्यूम इस्तेमाल करते हैं। समय के साथ महिलाओं और पुरुषों के लिए बाजार में अलग-अलग परफ्यूम भी बिकने लगे हैं। इसके एक-दो स्प्रे से न सिर्फ शरीर से आने वाली बदबू चली जाती है साथ ही आपको दूसरों से मिलते वक्त शरीर की दुर्गंध के कारण शर्मिंदा नहीं होना पड़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बाजार में बिकने वाले डियो और परफ्यूम आपकी सेहत के लिए कितने नुकसानदायक हो सकते है? जानकारों का मानें तो इन परफ्यूम में कई ऐसे रसायन मिले होते हैं जो आपको कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकते हैं। आइए जानते हैं कि आखिर खुशबू देने वाले ये परफ्यूम हमारे लिए इतने खतरनाक क्यों होते हैं?

विशेषज्ञों का कहना है कि परफ्यूम को बनाने और इसकी खुशबू को लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए कंपनियां कई तरह के ऐसे रसायनों को प्रयोग में लाती हैं जिनके संपर्क में आने तक से हमें स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता है।

इन परफ्यूमों और डियो में कई तरह के ऐसे सिंथेटिकों को भी मिलाया जाता है जो त्वचा को बहुत नुकसान पहुंचा सकती हैं। अब सोचिए जिस परफ्यूम को आप दिन में दो से चार बार प्रयोग में ला रहे हैं उससे आपको कितना नुकसान हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) आरएनआई प्रिंट कोड-2019096529